# यूपी के हर मंडल में आयोजित होगा ट्रेड शो

**तैयारी**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। अंतर्राष्ट्रीय यूपी ट्रेड शो को बड़ी कामयाबी बताते हुए एमएसएमई विभाग के मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि अब मंडल स्तर पर इस तरह के ट्रेड शो आयोजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए विशेष निर्देश दिए हैं। पहले चरण में ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, लखनऊ, बरेली और ग्रेटर नोएडा में इस तरह के आयोजन होंगे।

राकेश सचान ने गुरुवार को लोकभवन में पत्रकार वार्ता में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना है कि हर मंडल मुख्यालय पर एक प्रदर्शनी केंद्र स्थापित हो जाए, जहां उद्यमी अपने उत्पादों को शोकेस कर सकें। राकेश सचान ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में करीब 10 हजार करोड़ रुपये के आर्डर देशी-विदेशी खरीददारों ने हस्तशिल्पियों, उद्यमियों को दिए हैं। जूट के थैले और गुलाबी मीनाकारी के लिए 5-5 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। उद्यमियों के उत्पादों को एक बड़ा बाजार हमारी सरकार ने दिया है, इससे मुख्यमंत्री की प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर पहुंचाने का संकल्प पूरा होगा।



लोकभवन में गुरुवार को पत्रकार वार्ता करते एमएसएमई विभाग के मंत्री राकेश सचान

## पर्यटन और टेक्सटाइल पर वियतनाम उत्सुक

प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि वियतनाम को हमने पहली बार पार्टनर कंट्री के रूप में इस आयोजन से जोड़ा था। वियतनाम भी प्रदेश के अंदर बुद्धिस्ट सर्किट के अंदर टूरिज्म और टेक्सटाइल समेत अन्य सेक्टर में बड़े पैमाने पर यूपी के साथ जुड़ने को उत्सुक है।

## पांच शहरों में यूनिटी मॉल

आलोक कुमार ने कहा कि हम लोग आगरा, वाराणसी और लखनऊ में तीन यूनिटी मॉल स्थापित कर रहे हैं। यहां पर हम आर्टिजन के प्रोडक्ट्स को जगह देंगे।